बिहार सरकार

# बिहार सरकार
# कार्यालय, महाप्रबंधक,
# जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर।

मो0 नं0–7320923246

ई0मेल–gmdicmunger78@gmail.com

**लाभार्थी का नामः–अभिमन्यु कुमार**
**परियोजना–आटा सत्तू एवं वेसन उत्पादन**
**इकाई का नाम– S. K. ENTERPRISES**
**आवेदन संख्या–CMSCST20219546054068**

उद्यमी अभिमन्यु कुमार, पिता–स्व0. सुरेन्द्र कुमार भूषण, ग्राम+पो0–गुलालपुर, वार्ड नं0–05, पो0–बाँक, थाना–मुफसिल, मुंगेर–811202. अभिमन्यु तीन भाईयों में ये सबसे बड़ें हैं। इसके पिताजी का देहान्त होने के कारण परिवार का सारा दायित्व इन्हीं पर आ गया। अभिमन्यु को डीफेन्स में जाने की इच्छा थी। परन्तु पिताजी के गुजरने के कारण उसे अपना सपना अधुरा छोड़ना पड़ा। इसी क्रम में 2021 में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में जानकारी होने पर इन्होनें इस योजना के लिए आवेदन किया। अभिमन्यु के चाहत और लगन को देखकर इनके किस्मत ने भी इसका साथ दिया। अंतिम रूप से इनका चयन मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के SCST कैटेगरी में हो गयी। इनके परियोजना की एक खास बात यह है कि इनके इकाई का उद्घाटन करने बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के गौरवमयी उपस्थिति में हुआ है। वर्तमान में ये अपने इकाई में 4–5 लोगों को रोजगार मुहैया करा रहें हैं।

इस तरह से अभिमन्यु के अपने पैरों पर खड़ा होने एवं अपने परिवार की मदद करने की चाहत दोनों पूरी हुई। अब वो अपने घर रहकर इकाई का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं।